21U101 (Pages: 2) Name: ………………………..

Reg. No…………..…………

FIRST SEMESTER B.A./B.Sc./B.S.W. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2021

(CBCSS-UG)

(Regular/Supplementary/Improvement)

CC19U HN1 A07(1) – PROSE AND DRAMA

(Common Course)

(2019 Admissions onwards)

Time: 2½ Hours Maximum: 80 Marks

Credit: 4

Part A

I. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है। आपको अधिकतम 25 अंक तक मिल सकते हैं।

1. तावीज़ के विषय में साधु ने राजा से क्या कहा था?
2. राजन का चरित्र कैसा है?
3. लेखक के मत में नाखून का काटना किसकी निशानी है?
4. पहले मनुष्य नाखून को सुकुमार विनोदों केलिए उपयोग करते थे। स्पष्ट कीजिए।
5. सुस्मिता कौन है? उसने महादेवी को क्यों पत्र लिखा?
6. गाँव का डॉक्टर क्यों सलोनी का इलाज करने से इनकार करता है?
7. यशवन्त कौन था? क्या काम करता था?
8. सकु मेम साहब को क्या उपदेश देती है?
9. सकु की शादी कैसे संपन्न हुई?
10. ‘हरी बिन्दी’ कहानी का उद्देश्य क्या है?
11. “वह मनुष्य की इस निष्ठुर मनोरंजनप्रियता के कारण अपने अरण्य परिवेश और स्वजाति से दूर मानव समाज में आ पड़ी थी।” यह प्रसंग किस रचना का है? यहाँ किसके बारे में कहा गया है?
12. सकु के घर में पुलिस क्यों आती है?
13. “क्या ज़माना आ गया है। पढ़े-लिखे लोग भी घर-घर घूमते हैं। और अनपढ़ भी। .... चलो इस बात में तो हम लोग बराबर हुए।” ये वाक्य किस रचना से उद्धृत हैं? इस रचना की रचनाकार कौन हैं?
14. “अगर मिल जाए तो पकड़कर हमारे पास ले आना। अगर बहुत हो तो नमूने केलिए थोड़ा सा ले आना।?” यह प्रसंग किस रचना का है? यहाँ किसके बारे में उल्लेख किया गया है?
15. सलोनी की मुत्यु कैसे हुई?

(Ceiling: 25 Marks)

Part B

II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है। आपको अधिकतम 35 अंक मिल सकते हैं।

16. ‘नाखून क्यों बढ़ते हैं’ निबंध के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
17. सोना के पहुँच जाने पर छात्रावास में क्या-क्या कार्यकलाप होते थे?
18. यशवन्त की मृत्यु कैसे हुई?
19. सुरजा के चरित्र पर प्रकाश डालिए।
20. अन्य जीव-जन्तुओं से सोना का व्यवहार कैसा था?
21. ‘सकुबाई’ नाटक में अभिव्यक्त समस्यायें क्या-क्या हैं?
22. अपने पति के अभाव में ‘हरि बिन्दी’ कहानी की नायिका अपना पूरा दिन कैसे बिताती है?
23. राजा एक दिन वेश बदलकर एक कार्यालय क्यों गये और उसका कौन-सा परिणाम निकला?

(Ceiling: 35 Marks)

Part C

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है।

24. सकुबाई का चरित्र चित्रण कीजिए।
25. “जातीयता की अमानवीय व्यवस्था को तोड़ना ज़रूरी है।” - ‘शवयात्रा’ कहानी के आधार पर इस पर प्रकाश डालिए।
26. “भ्रष्टाचार एक सांक्रमिक रोग की तरह देश को ग्रस कर रहा है।” - ‘सदाचार का तावीज़’ कहानी के आधार पर इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।
27. ‘सोना हिरनी’ रेखाचित्र का सारांश लिखिए।

(2 × 10 = 20 Marks)

****